Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 17-05-2006

Participants : Murmu Shri Hemlal

an>

Title : Need to provide special economic package for development of historical and religious tourist places in Jharkhand.

श्री हेमलाल मुर्मू (राजमहल) : महोदय, राजमहल मुगलकाल की एक ऐतिहासिक राजधानी थी। यह स्थान पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से जमीन के अंदर से जुड़ा हुआ था। परन्तु यहां का ऐतिहासिक धरोहर, किला एवं खंडहर व्यवसायिक खनन और मरम्मत के अभाव में उजड़ रहा है।

राजमहल में चीनी मिटटी के बर्तन बनाने के लिए जमीन का खनन किया जाता है, जिसके कारण इस ऐतिहासिक विरासत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा रहा है। यह क्षेत्र एन.एच.80 सड़क से जोड़ा गया है, परन्तु सड़क की जर्जर स्थिति है।

झारखंड राज्य एवं संथाल परगना में कई पर्यटक स्थल गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ एवं दुमका जिला में है, जो पहाड़, वन, जंगल एवं झरना से युक्त है और पर्यटकों की नजरों से दूर है। झारखंड के कई क्षेत्र प्राकृतिक पृठभूमि से प्रखर होते हुए भी पर्यटन का स्थान प्राप्त नहीं कर सका है।

अतः आग्रह है कि झारखंड के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों खासकर राजमहल के ऐतिहासिक धरोहरों के उन्नयन एवं विकास के लिए केन्द्र सरकार द्वारा विशोज्ञ दलों की तैनाती और विशो आर्थिक पैकेज की व्यवस्था के साथ इस क्षेत्र को सुगम सड़क मार्ग से जोड़ने की व्यवस्था की जाये।